# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
## अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)
## सत्रः 2025–26
## कक्षा 8
## सामाजिक विज्ञान

समय 2 घण्टा 30 मिनट अधिकतम अंकः 60

**सामान्य निर्देशः**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1.i. से 1.xv तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 2 से 5 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 6 एवं 7, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 8 एवं 9, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 10 से 13 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 14 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जो 5 अंकों का है।

(viii) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

(ix) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का उत्तर लिखिए।

(x) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।


| प्र.स. | खंड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | अंक<br>15 x1=15 |
|---|---|---|
| I. | निम्नलिखित में से किस खंड को भारतीय संविधान की अंतरात्मा कहा जाता है?<br>A. मौलिक अधिकार<br>B. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार<br>C. नीति निर्देशक तत्व<br>D. संसदीय शासन पद्धति | 1 |
| II. | दीपक को भाषण देने से रोका जा रहा है बताइए दीपक के किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है?<br>A. संवैधानिक उपचारों का अधिकार<br>B. स्वतंत्रता का अधिकार<br>C. समानता का अधिकार<br>D. शोषण के विरुद्ध अधिकार | 1 |
| III. | निम्नलिखित में से कौन सा देश धर्मनिरपेक्ष है?<br>A. देश A में सिर्फ एक धर्म के लोगों को ही वोट डालने का अधिकार है।<br>B. देश B में एक धर्म को राजकीय धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है।<br>C. देश C मे एक धर्म के मतों का मूल्य दूसरे धर्म के मतों के मूल्य से अधिक है।<br>D. देश D में सभी धर्म के मानने वाले लोगों को समान अधिकार दिए गए हैं। | 1 |
| IV. | गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट कब पारित हुआ?<br>A. 1845<br>B. 1909<br>C. 1929<br>D. 1947 | 1 |
| V. | सही मिलान की पहचान कीजिए<br>A. प्राथमिक क्रिया - मत्स्यन<br>B. प्राथमिक क्रिया -बैंकिंग<br>C. प्राथमिक क्रिया -बीमा<br>D. प्राथमिक क्रिया - व्यापार | 1 |
| VI. | निम्नलिखित में से कौन सा देश चावल उत्पादन में अग्रणी है?<br>A. चीन<br>B. ब्राजील<br>C. जापान<br>D. भारत | 1 |
| VII. | तंजानिया किस महाद्वीप का हिस्सा है?<br>A. अफ्रीका<br>B. ऑस्ट्रेलिया<br>C. यूरोप<br>D. एशिया | 1 |
| VIII. | निम्नलिखित में से कौन सी विधि तीव्र दलों पर मृदा अपरदन को रोकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?<br>A. वेदिका फार्म<br>B. समोच्चरेखिये जुताई | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | C. रक्षक मेखला<br>D. चट्टान बांध | |
| IX. | असंगत की पहचान कीजिए।<br>A. पेट्रोलियम<br>B. कोयला<br>C. सौर ऊर्जा<br>D. प्राकृतिक गैस | 1 |
| X. | नीचे दो कथन, कथन (I) और कथन (II) के रूप में दिए हैं। दोनों कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन (I): जल एक नवीकरणीय संसाधन है।<br>कथन (II) : पृथ्वी पर अधिकांश मात्रा में जल अलवणीय है।<br>**विकल्प**<br>A. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।<br>B. कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।<br>C. कथन (I) सही और कथन (II) गलत है।<br>D. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है। | 1 |
| XI. | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A)और कारण(R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>अभिकथन (A): जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिंदू मुस्लिम ईसाई तीन कल खंडों में बांटा था।<br>कारण(R): सरकारी दस्तावेजों से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि आम लोग क्या सोचते हैं।<br>**विकल्प**<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण(R) दोनों सही है एवं कारण(R),अभिकथन(A)की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण(R) दोनों सही है परंतु कारण,अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण(R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है एवं कारण(R) सही है। | 1 |
| XII. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>पहले इंग्लिश फैक्ट्री 1651 में --------- नदी के किनारे आरंभ हुई।<br>विकल्प<br>A. गंगा<br>B. जमुना<br>C. हुगली<br>D. ब्रह्मपुत्र | 1 |
| XIII. | सिराजुद्दौला किस वर्ष बंगाल के नवाब बने?<br>A. 1756<br>B. 1766<br>C. 1777<br>D. 1787 | 1 |
| XIV. | चंपारण आंदोलन किस कृषि विरुद्ध था?<br>A. नील<br>B. आलू | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | C. गेहूं<br>D. चावल | |
| XV. | निम्नलिखित में से किस शेर-ए-मैसूर कहा जाता था?<br>A. अली वर्दी खा<br>B. हैदर अली<br>C. टीपू सुल्तान<br>D. मीर जाफर | 1 |
| | **खंड ख**<br>**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** | 4X2=8 |
| 2. | A. श्रीरंगपट्टनम के आखिरी लड़ाई के क्या परिणाम निकले?<br>अथवा<br>B. तीसरे अंग्रेज मराठा युद्ध के क्या परिणाम निकले? | 2<br>2 |
| 3. | न्यायपालिका के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए। | 2 |
| 4. | A. भारतीय संविधान की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।<br>अथवा<br>B. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार का महत्व लिखिए। | 2<br>2 |
| 5. | सतत पोषणीय विकास की व्याख्या कीजिए। | 2 |
| | **खंड ग**<br>**लघु उत्तरीय प्रश्न** | 2X3=6 |
| 6. | A. कृषि के विकास के लिए कोई दो उपाय सुझाइए।<br>अथवा<br>B. संयुक्त राज्य अमेरिका में किस प्रकार कृषि की जाती है वर्णन कीजिए। | 3<br>3 |
| 7. | A. भारतीय संसद के कार्यों का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>B. भारत में कानून किस प्रकार बनाए जाते हैं उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। | 3<br>3 |
| | **खंड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | 2X5=10 |
| 8. | जल संरक्षण हेतु कोई पांच उपाय सुझाइए। | 5 |
| 9. | A. जनहित याचिका का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए।<br>अथवा<br>B. स्वतंत्र न्यायपालिका का महत्व बताइए। | 5<br>5 |
| | **खंड ड़**<br>**केस आधारित प्रश्न** | 4X4=16 |
| 10. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br><br>उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक पूरे देश का नक्शा तैयार करने के लिए बड़े-बड़े सर्वेक्षण किए जाने लगे। गाँवों में राजस्व सर्वेक्षण किए गए। इन सर्वेक्षणों में धरती की सतह, मिट्टी की गुणवत्ताएं, वहाँ मिलने वाले पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं तथा स्थानीय इतिहासों व फ़सलों का पता लगाया जाता था। अंग्रेजों की राय में किसी इलाके का शासन चलाने के लिए इन सारी बातों को जानना ज़रूरी था। उन्नीसवीं सदी के आखिर से हर दस साल में जनगणना भी की जाने लगी। जनगणना के जरिए भारत के सभी प्रांतों में रहने वाले | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | लोगों की संख्या, उनकी जाति, इलाक़े और व्यवसाय के बारे में जानकारियाँ इकट्ठा की जाती थीं। इसके अलावा वनस्पतिक सर्वेक्षण, प्राणी वैज्ञानिक सर्वेक्षण, पुरातात्विक सर्वेक्षण, मानवशास्त्रीय सर्वेक्षण, वन सर्वेक्षण आदि कई दूसरे सर्वेक्षण भी किए जाते थे।<br><br>**प्रश्न:**<br>**10.1: सर्वेक्षण के किसी एक प्रकार का उल्लेख कीजिए। 1**<br>**10.2: जनगणना कितने सालों में किया जाना निर्धारित किया गया? 1**<br>**10.3: अंग्रेजी सरकार ने देश के विभिन इलाकों के सर्वेक्षण क्यों किए? 2** | |
| 11. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br><br>सहमति का विचार लोकतंत्र का प्रस्थानबिंदु होता है। सहमति का मतलब है चाह, स्वीकृति और लोगों की हिस्सेदारी। लोगों का निर्णय ही लोकतांत्रिक सरकार का गठन करता है और उसके कामकाज के बारे में फ़ैसला देता है। इस तरह के लोकतंत्र के पीछे मूल सोच यह होती है कि व्यक्ति या नागरिक ही सबसे महत्वपूर्ण है और संवैधानिक स्तर पर सरकार एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में इन नागरिकों की आस्था होनी चाहिए।<br><br>**प्रश्न:**<br>**11.1: लोकतंत्र का क्या अर्थ है? 1**<br>**11.2: लोकतंत्र के पीछे मूल सोच क्या होती है? 1**<br>**11.3: "सहमती का विचार लोकतंत्र का प्रस्थानबिंदु होता है।" कथन की व्याख्या कीजिए। 2** | 4 |
| 12. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br><br>नवीकरणीय संसाधन वे संसाधन हैं जो शीघ्रता से नवीकृत अथवा पुनः पूरित हो जाते हैं। इनमें से कुछ असीमित हैं और उन पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता, जैसे सौर और पवन ऊर्जा। लेकिन फिर भी कुछ नवीकरणीय संसाधनों, जैसे जल, मृदा और वन का लापरवाही से किया गया उपयोग उनके भंडार को प्रभावित कर सकता है। जल असीमित नवीकरणीय संसाधन प्रतीत होता है। फिर भी जल की कमी और प्राकृतिक जल स्रोतों का सूखना आज विश्व के बहुत से भागों में एक बड़ी समस्या है।<br><br>**प्रश्न:**<br>**12.1: नवीकरणीय संसाधन किसे कहते हैं? 1**<br>**12.2: नवीकरणीय संसाधन का एक उदाहरण दीजिए। 1**<br>**12.3: जल एक नवीकरणीय संसाधन है परंतु विश्व के बहुत से भागों में इसकी कमी क्यों है? 2** | 4 |
| 13. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br><br>सन् 1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड की महारानी एलिज़ाबेथ प्रथम से चार्टर अर्थात इजाज़तनामा हासिल कर लिया जिससे कंपनी को पूरब से व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया। इस इजाज़तनामे का मतलब यह था कि इंग्लैंड की कोई और व्यापारिक कंपनी इस इलाके में ईस्ट इंडिया कंपनी से होड़ नहीं कर सकती थी। इस चार्टर के सहारे कंपनी समुद्र पार जाकर नए इलाकों को खँगाल सकती थी, वहाँ से सस्ती कीमत पर चीज़ें ख़रीद कर उन्हें यूरोप में ऊँची कीमत पर बेच सकती थी। कंपनी को दूसरी अंग्रेज़ व्यापारिक कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का कोई भय नहीं था। उस ज़माने में वाणिज्यिक कंपनियाँ मोटे तौर पर प्रतिस्पर्धा से बचकर ही मुनाफ़ा कमा सकती थीं। अगर कोई प्रतिस्पर्धी न हो तभी वे सस्ती चीज़ें ख़रीदकर उन्हें ज़्यादा कीमत पर बेच सकती थीं।<br><br>**प्रश्न:**<br>**13.1: ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार का चार्टर किसने दिया? 1**<br>**13.2: ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार के चार्टर द्वारा कहाँ के व्यापार का एकाधिकार मिल गया? 1**<br>**13.3: ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार करने में चार्टर से क्या लाभ हुआ? 2** | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न** | 5 |
| 14. | भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं पांच को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से दर्शाइए।<br>I. सूरत<br>II. हैदराबाद<br>III. बक्सर<br>IV. लखनऊ<br>V. पूना (पुणे)<br>VI. मद्रास (चेन्नई) | 5x1=5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्न,प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु हैं।**<br><br>14.1 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में सूरत अवस्थित है।<br>14.2 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में हैदराबाद अवस्थित है।<br>14.3 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में बक्सर अवस्थित है।<br>14.4 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में लखनऊ अवस्थित है।<br>14.5 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में पूना (पुणे) अवस्थित है।<br>14.6 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में मद्रास (चेन्नई) अवस्थित है। | <br><br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |


भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)